एक नजर में



## विश्व ध्यान दिवस पर अध्यात्मिक कार्यक्रम

**हरपालपुर, 22 दिसंबर.** बह्ममाकुमारीज दिव्य धाम हरपालपुर द्वारा आयोजित वैश्विक आध्यात्मिक शांति की दिशा में एक प्रेरणादायक आध्यात्मिक कार्यक्रम किया गया ,संस्था की आशा बहिन ने राजयोग ध्यान से विश्व और वर्तमान विश्व की अस्थिर एवं अशांत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में वैश्विक शांति, प्रेम और सद्भाव के साथ राजयोग ध्यान कराया गया , कार्यक्रम में सभी के मध्य ग्लोब को स्थापित कर उसके समक्ष सामूहिक ध्यान किया गया, उपस्थित संस्था ने अपने शुद्ध एवं सकारात्मक संकल्पों के द्वारा समस्त विश्व को शांति के वाइब्रेशन भेजे,ध्यान के दौरान यह भाव रखा गया कि जब तक विश्व तनाव, हिंसा, युद्ध और मानसिक अशांति से गुजर रहा है, तब आंतरिक शांति ही स्थायी समाधान नही है, कार्यक्रम का आयोजन सेवाकेंद्र प्रभारी बीके आशा बहिन के कुशल तत्वाधान एवं मार्गदर्शन में किया हुआ. आशा दीदी ने अपने संदेश में कहा कि विश्व शांति की शुरुआत स्वयं के मन से होती है, जब व्यक्ति आत्मिक स्थिति में परमात्मा से जुड़ता है, तब शुद्ध संकल्प राजयोग ध्यान व्यक्तिगत शांति का साधन नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना को जाग्रत करने का प्रभावी माध्यम है हजारों लोग एक साथ एक ही शुभ भाव में स्थिर होते है, तब उसके वाइब्रेशन संपूर्ण वातावरण को प्रभावित करते हैं इस अवसर पर उपस्थित सभी भाई-बहनों को वैश्विक शांति की प्रतिज्ञा भी कराई गई सभी ने संकल्प लिया एवं समाज और विश्व को एक श्रेष्ठ दिशा देने में योगदान देने का वचन लिया कार्यक्रम के अंत में विश्व कल्याण एवं सर्वजन हित की मंगल कामनाओं के शांति संदेश दिया गया .

## स्कूली मारुति वैन में गैस भरते समय लगी आग



**छतरपुर,22 दिसंबर.** जिले के चंदला में सरबई मार्ग पर संचालित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल की स्कूली मारुति वैन (क्ष93ङ्ग 9280) में गैस भरते समय अचानक आग लग गई. आग इतनी तेज थी कि वैन पूरी तरह जल कर खाक हो गई और पास खड़ी साइकिल, रथ वाली बग्घी और हाथ ठेला भी प्रभावित हुए. गनीमत रही कि इस समय वैन में बच्चे नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. जानकारी के अनुसार, वैन में एलपीजी गैस भरने के दौरान अचानक आग लग गई, और दो बार धमाके जैसी आवाजें भी सुनाई दीं. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से आग फैलने से और नुकसान टाला गया. घटना स्थल के पास गैस सिलेंडर की दुकान थी, जिसमें लगभग 15 सिलेंडर रखे हुए थे. यदि आग वहां फैलती, तो बड़ा हादसा हो सकता था. विशेषज्ञों का कहना है कि स्कूलों के आसपास गैस की भरी वाहनों का संचालन शासन द्वारा प्रतिबंधित है. बावजूद इसके, इस स्कूल में नियमित रूप से गैस की वैनें बच्चों को लाने-जाने के लिए लगाई जाती हैं. इस मामले में अधिकारियों से अपेक्षा है कि सिलेंडर बेचने वाले पर कार्रवाई की जाए और स्कूल की सुरक्षा मानकों का गंभीरता से मूल्यांकन किया जाए. स्थानीय लोग और प्रशासन ने समय रहते कदम उठाकर बड़ी त्रासदी टाल दी.

## कार-बाइक की भिड़ंत, तीन युवक घायल



**छतरपुर,22 दिसंबर.** नगर के अंतर्गत मातगुवा थाना क्षेत्र के चौका में पेट्रोल पंप के पास बीती देर रात एक सड़क दुर्घटना हो गई. क्रॉसिंग के दौरान बाइक सवारों की एक कार से आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की पहचान दीपू, रवि और सोहन के रूप में हुई है. हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है. बताया जा रहा है कि दुर्घटना देर रात उस समय हुई, जब सड़क पर यातायात कम था. क्रॉसिंग के दौरान अचानक कार और बाइक की भिड़ंत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही मातगुवा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है. फिलहाल जिला अस्पताल सूत्रों के अनुसार तीनों घायलों की हालत स्थिरबताई जा रही है.

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**छतरपुर,22 दिसंबर.** नगर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया. इस दौरान कांग्रेस कार्यालय से गांधी आश्रम तक रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. रैली के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई. रैली गांधी आश्रम पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई, जहां कार्यकर्ताओं ने बैठकर वंदे मातरम का गायन किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित भजन गाए. कांग्रेस नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण गरीबों को रोजगार और सम्मान देने का माध्यम है. यह योजना महात्मा गांधी के विचारों और दर्शन से प्रेरित होकर लागू की गई थी. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि योजना का नाम बदलना गांधी जी की विरासत और उनके योगदान का अपमान है. उन्होंने केंद्र सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की. कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा के नाम परिवर्तन का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा. किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे.

## हिंदू संगठन ने फूंका बांग्लादेश का पुतला

**सीहोर.** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा कोतवाली चौराहा पर बाग्लादेश का पुतला जलाया गया और नारेबाजी की गई. बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार और घटनाओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया. कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के मध्य भारत छत्तीसगढ़ प्रमुख अतुल राठौर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में प्रदशन कर आक्रोश व्यक्त किया. जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू को जिंदा जला दिया गया है. ऐसे आतंकी देश पर कार्रवाई की जाए.

# खाद संकट पर शिवसेना का प्रदर्शन

## किसानों के हक के लिए सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

**सटई रोड से छत्रसाल चौक तक प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन**

**समाधान नहीं तो लोगों के साथ घेराव की दी चेतावनी**



छतरपुर,22 दिसंबर. **नगर में किसानों को हो रही खाद की गंभीर किल्लत को लेकर 22 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे शिवसेना द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया. शिवसेना के सैकड़ों कार्यकर्ता सटई रोड स्थित कृषि उपज मंडी में एकत्र हुए, जहां से नारेबाजी करते हुए छत्रसाल चौक तक पैदल मार्च किया गया.**

प्रदर्शन के बाद शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की. शिवसेना नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि रबी सीजन के दौरान खाद की भारी कमी से किसान बेहद परेशान हैं. कई किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे बुवाई कार्य प्रभावित हो रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. प्रदर्शन के दौरान शिवसेना ने सरकार और प्रशासन से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेने की मांग करते हुए कहा कि किसान हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा.

> शिवसेना कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन एसडीएम के अनुरोध पर केवल सांकेतिक रखा गया है. ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम से आग्रह किया गया है कि आगामी 11 तारीख तक जिले के सभी किसानों को खाद का पर्याप्त और सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाए. शिवसेना ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय-सीमा तक खाद संकट का समाधान नहीं किया गया, तो 11 तारीख को करीब 5,000 किसानों और कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा.

## हत्या मामले का खुलासा, पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**भेष बदलकर रह रहा था आरोपी**

**छतरपुर,22 दिसंबर.** नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई महिला हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. घटना के बाद से फरार चल रहा आरोपी लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से बाहर था और पहचान छुपाकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था. लगातार तलाश, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले का खुलासा 22 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से लगातार भेष बदलकर रह रहा था और अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने बदलता रहा. पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी, मोबाइल लोकेशन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और योजनाबद्ध तरीके से उसे गिरफ्तार किया.

एसपी ने पुलिस टीम की सराहना कर कहा कि यह गिरफ्तारी निरंतर प्रयास और टीम वर्क का परिणाम है. आरोपी से पूछताछ जारी है, जिसमें घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों के सामने आने की संभावना है. पुलिस ने बताया कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है. मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है. इस सफल कार्रवाई से यह स्पष्ट हुआ है कि अपराधी कितने भी समय तक फरार रहे, कानून से बच नहीं सकता.

## सहायिका भर्ती में गड़बड़ी के आरोप, पात्रों को किया अपात्र

**चंदला,22 दिसंबर. महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत लवकुशनगर एवं गौरिहार में हाल ही में संपन्न हुई सहायिका भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं.**

पीड़ितों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर पात्र उम्मीदवारों को अपात्र घोषित कर बाहर कर दिया गया, जबकि अंतिम सूची में उनके नाम शामिल थे. आरोप है कि दस्तावेजों की सही जांच न कर रुपयों के प्रभाव में चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया गया. एक दर्जन से अधिक मामलों में पात्र महिलाओं को चयन से वंचित किया गया है, जिनमें से कई अब अपील की तैयारी कर रही हैं. नगर के वार्ड क्रमांक 4 में पहले क्रांति कुशवाहा का चयन हुआ था, लेकिन अंतरिम सूची के बाद शिवानी सोनी का चयन कर लिया गया. शिवानी द्वारा बाद में वार्ड 4 के दस्तावेज प्रस्तुत किए गए. क्रांति कुशवाहा ने इस मामले में कलेक्टर से शिकायत की, लेकिन अब तक राहत नहीं मिली.

ग्राम जगतपुर में पहले साधना यादव का चयन हुआ था, बाद में डीपीओ द्वारा राजकुमारी यादव का चयन कर साधना यादव को अपात्र घोषित कर दिया गया. परमझोर गांव (बछौन क्षेत्र) में गांव की निवासी आरती अहिरवार को छोड़कर दूसरे गांव पिपराहीझोर की पुष्पा अहिरवार का चयन किया गया. लोधिन पुरवा में पात्र कल्पना राजपूत की जगह बलकौरा निवासी प्रियल शुक्ला का चयन कर नियमों की अनदेखी की गई. लखनी गांव में पहले मोनू विश्वकर्मा का चयन हुआ, बाद में तीन किलोमीटर दूर गांव मड़इन की प्रभा केवट को चयनित किया गया. पटना गांव में नेहा अहिरवार का चयन किया गया, जबकि उनके पति के दस्तावेज हरियाणा के बताए जा रहे हैं. यहां पात्र राखी अग्निहोत्री को अपात्र कर दिया गया. इस संबंध में डीपीओ दिनेश दीक्षित ने कहा कि चयन प्रक्रिया में पात्रता का ध्यान रखा गया है. यदि किसी को आपत्ति है तो वह अपील कर अपना पक्ष रख सकता है.

## नोटिस जारी होने के बाद भी बना दी सीसी सड़क

**खड़ेहा ग्राम पंचायत में भारी अनियमितताएं उजागर**

**चंदला,22 दिसंबर.गौरिहार जनपद की ग्राम पंचायत खड़ेहा में सीसी सड़क निर्माण में की गई गंभीर गड़बड़ियों के बावजूद शासकीय आदेशों की खुलेआम अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया. एसडीओ द्वारा जांच रिपोर्ट आने तक कार्य बंद रखने का नोटिस जारी किए जाने के बाद भी सरपंच-सचिव ने कार्य नहीं रोका. सड़क की स्थिति ऐसी है कि पैर रखने मात्र से ही सीसी टूटने लगी है.**



**एसडीओ के निरीक्षण में खुली गुणवत्ता की पोल:** 12 नवंबर को एसडीओ मधु प्रजापति ने ग्राम पंचायत खड़ेहा में सुन्दरलाल अनुरागी के मकान से ओदी मार्ग स्थित पुलिया तक बनाई जा रही सीसी सड़क का निरीक्षण किया था. निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया निर्माण कार्य में गंभीर गुणवत्ता संबंधी खामियां पाई गईं. एसडीओ ने उसी दिन ग्राम पंचायत को नोटिस जारी कर निर्देशित किया कि निर्माण सामग्री की लैब जांच 3 दिवस के भीतर कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा रिपोर्ट आने तक कार्य पूर्णतः बंद रखा जाए. इसके बावजूद ग्राम पंचायत ने नोटिस को दरकिनार करते हुए निर्माण कार्य जल्दबाजी में पूरा कर दिया.

**जांच प्रक्रिया पर भी उठे सवाल:** एसडीओ द्वारा नोटिस में यह उल्लेख किया गया कि सरपंच द्वारा परीक्षण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जिस पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि जब निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप सरपंच-सचिव पर है, तो जांच रिपोर्ट उन्हीं से क्यों मांगी गई. ग्रामीणों का मत है कि अधिकारियों को स्वयं मौके से मटेरियल के सैंपल लेकर क्यूब टेस्ट कराना चाहिए था, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके. जिन पर आरोप हैं, वे स्वयं अपने ही कार्य को गुणवत्ताहीन कैसे घोषित करेंगे, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है.

इस संबंध में जनपद पंचायत गौरिहार की सीईओ दीपा कोटस्थाने ने कहा एसडीओ को स्वयं मौके से मटेरियल लेकर लैब में परीक्षण कराना चाहिए था. इस पूरे मामले को लेकर मैं एसडीओ को पत्र जारी कर रही हूं.

> **उपयंत्री पर लापरवाही के आरोप**
>
> ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान उपयंत्री द्वारा कोई साइड विजिट नहीं की गई, जिससे जानबूझकर घटिया निर्माण को बढ़ावा दिया गया. इसी लापरवाही के कारण शासकीय राशि का दुरुपयोग कर बंदरबांट किया गया. ग्रामीणों का कहना है कि सीसी सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब है कि पैर मारने से ही सड़क भरभराकर टूट रही है, जिससे यह सड़क जल्द ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाएगी.
>
> **तकनीकी जांच की मांग तेज**
>
> ग्रामीणों ने मांग की है कि सीसी सड़क निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषी सरपंच-सचिव और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए. ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि एसडीओ द्वारा स्वयं मटेरियल सैंपल कलेक्ट क्यों नहीं किए.

## सीसी रोड निर्माण में अनियमितता, दो दिन में चटकी नाली



**चंदला,22 दिसंबर. गौरिहार जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मालपुर के संलग्न गांव रजौरा में कराए जा रहे सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है. निर्माण के महज दो दिन के भीतर ही नाली जगह-जगह से चटक गई, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं.**

ग्रामीण वीरेंद्र प्रजापति ने बताया कि मझपटिया गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 200 मीटर सीसी रोड सह नाली का निर्माण कराया जा रहा है. निर्माण कार्य में न तो वाइब्रेटर का उपयोग किया जा रहा है और न ही मानक के अनुरूप सामग्री लगाई गई है. सीसी रोड की मोटाई लगभग 4 इंच ही दिखाई दे रही है. मानकों के अनुसार सीसी रोड के नीचे की सतह पर 40 एमएम गिट्टी के साथ 1.3.6 के मसाले का उपयोग किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया. वहीं ऊपरी परत में 20 एमएम गिट्टी के साथ 1.2.4 के मसाले के स्थान पर 1.5.6 के घटिया मटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है. ग्रामीण राकेश पटेल ने आरोप लगाया कि गौरिहार जनपद में 30 प्रतिशत कमीशनखोरी शुरू हो जाने के कारण पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. ग्रामीणों ने सीसी रोड व नाली निर्माण की जांच की मांग की है.

इस संबंध में जनपद पंचायत लवकुशनगर के उपयंत्री राजेश साहू ने बताया कि भैरा एवं मालपुर पंचायत में सीसी रोड व नाली उखड़ने की जानकारी मिली है. मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सरपंच व सचिव से राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी.

> **एक साल में उखड़ गई 7.95 लाख की सीसी रोड**
>
> लवकुशनगर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैरा में 7.95 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड सह नाली निर्माण भी एक साल नहीं चल सकी. सीसी रोड की गिट्टी उचट कर बाहर आ गई है, जिससे ग्रामीणों को चोट लगने का खतरा बना हुआ है. नाली निर्माण भी कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया है. ग्रामीण शंकर विश्वकर्मा, हनुमत यादव, पप्पू कुशवाहा एवं रमेश उपाध्याय ने बताया कि सरपंच-सचिव की मिलीभगत से जयहिंद के कुएं से लखन के मकान की ओर तथा बृजगोपाल के मकान से नोनेलाल के मकान तक घटिया सीसी रोड का निर्माण कराया गया था. घटिया निर्माण का खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने सरपंच व सचिव पर कार्रवाई की मांग की है.



## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 250 श्रद्धालु रामेश्वरम रवाना

**विधायक ललिता यादव ने जत्थे को दिखाई हरी झंडी**

छतरपुर,22 दिसंबर. **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 22 दिसंबर को छतरपुर जिले के 250 श्रद्धालुओं का जत्था भगवान रामेश्वरम के दर्शन के लिए रवाना हुआ.**

दोपहर करीब 12 बजे छतरपुर रेलवे स्टेशन से विशेष व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से यात्रा पर भेजा गया. यात्रा के शुभारंभ अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छतरपुर विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों को रवाना किया और उनसे संवाद कर सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं. विधायक ललिता यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करना है. उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से वे श्रद्धालु भी तीर्थ यात्रा कर पा रहे हैं, जो आर्थिक कारणों से ऐसा करने में असमर्थ थे.

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने बताया कि योजना के अंतर्गत यात्रियों को यात्रा, भोजन, आवास एवं चिकित्सा सुविधाएं शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां की गई थीं. रेलवे स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के परिजन भी मौजूद रहे. भावुक माहौल में उन्होंने अपने प्रियजनों को विदा किया. श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की एक यादगार अनुभूति होगी.

**आयोजन** | **54.11 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण**

## ग्राम पठापुर में विकास की हुई नई शुरुआत



छतरपुर,22 दिसंबर. **विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठापुर में कुल 54.11 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ.**

ये सभी विकास कार्य छतरपुर विधायक ललिता यादव के प्रयासों से स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है. कार्यक्रम में विधायक ललिता यादव की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ एवं पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया. विकास कार्यों के अंतर्गत विधायक विशेष निधि से पार्षद मोहल्ला के पास ?25 लाख की लागत से मांगलिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया. इससे ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी. इसके अलावा गांव के विभिन्न हिस्सों में कराए गए नाली निर्माण कार्यों से जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा. स्कूल परिसर एवं गौड़ बस्ती से ग्राम की ओर सीसी रोड निर्माण से आवागमन सुगम होगा, जबकि शासकीय स्कूल परिसर में निर्मित बाउंड्रीवॉल से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी.

साथ ही बड़े बड़का हनुमान मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर निर्मित चबूतरा एवं बैठक निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर विधायक ललिता यादव ने कहा कि क्षेत्र का संतुलित विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया.

## महाविद्यालय में ई सेल का किया गठन

**इछावर.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शा. स्नातक महाविद्यालय में विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की भावना को बढ़ाने व नवाचार स्टार्टअप एवं उद्यमिता के विकास के लिए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वाधान में ई सेल का गठन किया गया. गठित ई सेल विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के साथ-साथ स्टार्टअप्स एवं एंटरप्रेन्योर शिप के लिए भी प्रेरित करेगीछात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे. इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता यादव ई सेल के संयोजक मुकेश शर्मा सदस्य डॉ कलावती गाडरिया, डॉ नीता माहौर विनीत शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.